# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

(News Clipping)

हिन्दुस्तान

रविवार • 12 जुलाई 2020 •

# राष्ट्र के विकास के लिए गांवों का विकास जरूरी

रुड़की | कार्यालय संवाददाता

उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत रीजनल कोऑर्डिनेटिंग इंस्टीट्यूट, आईआईटी रुड़की की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों के समावेशी एवं सतत विकास के लिए कौशल विकास विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया।

रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. आशीष पांडेय ने वेबिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए गांवों का विकास किया जाना बहुत आवश्यक है। ग्रामीण विकास के लिए गांव और शहर के बीच के अंतर को कम करना, गरीबी को दूर करना आवश्यक है। वेबिनार की शुरुआत करते हुए आईआईटी रुड़की के उप निदेशक प्रो. एम परिदा ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत गांवों का बेहतर विकास किया जा सकता है। डीन प्रो. मनीष श्रीखंडे ने कहा कि कोविड-19 के दौरान गांवों में वापस आने वाले प्रवासियों के लिए यदि गांव में ही स्थानीय आधार पर कुटीर उद्योग या छोटे-छोटे स्किल डवलपमेंट के कार्यक्रम चलाए जाएं तो इन्हें अपना गांव छोड़कर काम के सिलसिले में फिर बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आजम अली खान ने कहा कि वर्तमान समय में भारत सहित पूरी दुनिया में इस समय सबसे ज्यादा कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं। इस दौरान प्रो. हरनाम सिंह प्रो. विवेक कुमार ने भी विचार रखे।

### आयोजन

- आईआईटी रुड़की में वेबिनार का आयोजन
- प्रो. पांडेय ने वेबिनार के उद्देश्यों पर डाला प्रकाश